# शिखर अलंकरण से चमके प्रदेश के 26 रत्न

## मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने किया सम्मानित, राष्ट्रीय खेलों के 121 पदक विजेताओं को भी पुरस्कार

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: प्रदेश के 26 खिलाड़ी मंगलवार को शिखर खेल अलंकरण से सम्मानित किए गए। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित समारोह में 2023 के लिए शिखर खेल अलंकरण प्रदान किए। इस दौरान इस साल उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले प्रदेश के 121 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

रवींद्र भवन के खचाखच भरे हाल में कोई अपने माता पिता के साथ आया तो कोई अपने भाई बहन के साथ। कुछ खिलाड़ी अभ्यास और अन्य कारण से कार्यक्रम में नहीं आ पाए तो उनका सम्मान उनके माता पिता ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मंच से प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। वहीं मंच पर खिलाड़ियों के सिर पर हाथ रखकर आर्शीवाद दिया और भरोसा दिया कि इसी तरह का प्रदर्शन आगे भी जारी रहा तो इसी तरह सम्मानित होंगे। विक्रम पुरस्कार, विश्वामित्र पुरस्कार विजेता प्रशिक्षक व लाइफ टाइम अचीवमेंट विजेता को को दो दो लाख रूपये तथा स्मृति चिन्ह तथा एकलव्य सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों को एक एक लाख रुपये व स्मृति चिह्न दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खेलमंत्री विश्वास सारंग ने की। इस मौके पर खेल विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, संचालक राकेश गुप्ता, मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, मप्र ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, उप सचिव अजय श्रीवास्तव ओर संयुक्त संचालक बीएस यादव मौजूद रहे।



रवींद्र भवन में मंगलवार को मप्र शिखर खेल अलंकरण समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। ● नवदुनिया



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव। ● नवदुनिया



यामिनी के माता पिता विक्रम अवार्ड के साथ।



पूजा दांगी। ● नवदुनिया

### यामिनी का सम्मान मां मिथिलेश मौर्य ने ग्रहण किया

भोपाल: राजधानी में आयोजित शिखर खेल अलंकरण 2023 की पुरस्कार वितरण समारोह में सागर की रहने वाली जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य का विक्रम अवार्ड उनकी माता मिथिलेश मौर्य ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उसके पिता हरिओम मोर्य और बहन रागिनी भी थी। रागिनी ताइक्वाडों अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करती है। यामिनी वर्तमान में कर्नाटक के बेल्लारी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। बेल्लारी में जिंदल स्टील वर्क्स में रहकर अभ्यास कर रही है। यामिनी ने कहा कि यदि मप्र सरकार मुझे शासकीय नौकरी का अवसर देगी तो मैं वापस मप्र लौटना चाहूंगी। यामिनी इससे पहले मप्र राज्य जूडो अकादमी में थी।

### 10 साल की मेहनत रंग लाई

मध्य प्रदेश राज्य फेंसिंग की खिलाड़ी पूजा दांगी को एकलव्य पुरस्कार मिला, पूजा ने कहा की दस सालों की मेहनत और प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह चौहान के विश्वास से मै यह सफलता प्राप्त कर सकी हूं। राजगढ़ की रहने वाली पूजा ने कहा अब मेरा लक्ष्य विक्रम पुरस्कार प्राप्त कर ना है।

### इन्हें मिला सम्मान

**एकलव्य पुरस्कार:** रितुराज बुंदेला शूटिंग, भूमि बघेल कयाकिंग-कैनोइंग, कृष्णा मिश्रा स्क्वैश, पूजा दांगी फेंसिंग, प्रभाकर सिंह राजावत रोइंग, नेहा ठाकुर सेलिंग, प्रखर जोशी तैराकी, अर्जुन वास्कले एथलेटिक्स, प्रियांशी प्रजापत कुश्ती, अंकित पाल हाकी और गौरव पचौरी पावरलिफ्टिंग।

**विक्रम पुरस्कार:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर शूटिंग, जाह्नवी श्रीवास्तव कयाकिंग एवं कैनोइंग, रागिनी मार्को तीरंदाजी, शिवानी पवार कुश्ती, श्रुति यादव बाक्सिंग, यामिनी मौर्य जूडो, सचिन भार्गो खोखो, नीलू डाडिया हाकी, प्रवीण कुमार दवे साफ्टबाल, रूबिना फ्रांसिस शूटिंग और अपूर्व दुबे पावरलिफ्टिंग।

**विश्वामित्र पुरस्कार:** पीजूष कांती बारोई कयाकिंग एवं कैनोइंग, अशोक कुमार यादव तीरंदाजी और लोकेन्द्र शर्मा हाकी। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड: रतनलाल वर्मा को मिला।

### पर्वतारोही भावना को विक्रम पुरस्कार पर रोक

पर्वतारोही भावना डेहरिया को विक्रम पुरस्कार देने की घोषणा हुई थी। उस पर आपत्ति के बाद उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने स्थगन दे दिया है। इससे उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया गया। भावना अपने पति व बेटे के साथ कार्यक्रम में आई थी। खेलमंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि हम न्यायालय का पूरा सम्मान करते है, इसलिए पुरस्कार नहीं दिया।

# मध्यप्रदेश की 27 खेल हस्तियां अलंकृत नेशनल गेम्स के पदक विजेता भी सम्मानित




**भोपाल, खेप्र।** शहर के रविंद्र भवन में आयोजित मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण में मंगलवार को 27 खेल हस्तियों को अपने-अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता भी सम्मानित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को अवार्ड प्रदान किए। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्रॉफी भेंट की गई।

- समारोह में 38वें नेशनल गेम्स-2025 के 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई।

- विक्रम, विश्वामित्र और लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार विजेता को 2-2 लाख, जबकि एकलव्य पुरस्कार विजेता को एक लाख रुपए की राशि के चेक दिए गए।

**एकलव्य पुरस्कार** रितुराज बुंदेला, भूमि बघेल, कृष्णा मिश्रा, पूजा दांगी, प्रभाकर सिंह राजावत, नेहा ठाकुर, प्रखर जोशी, अर्जुन वास्कले, प्रियांशी प्रजापत, अंकित पाल और गौरव पचौरी।

**विक्रम पुरस्कार** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, जान्हवी श्रीवास्तव, रागिनी मार्को, शिवानी पवार, श्रुति यादव, यामिनी मौर्य, सचिन भार्गो, नीलू डाडिया, प्रवीण कुमार दवे, रूबिना फ्रांसिस, अपूर्व दुबे और भावना डेहरिया।

## विश्वामित्र/लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार

सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव और हॉकी प्रशिक्षक लोकेंद्र शर्मा को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

www.dainikjagranmpcg.com
06 Aug 2025 - Page 10

दैनिक जागरण

स्वदेश

भोपाल - संस्करण

6 Aug 2025

मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह में शामिल हुए कई खिलाड़ी

# चुनौतियों को स्वीकार कर जीतने वाला है खिलाड़ीः मोहन यादव

## यहां 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल**

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि चुनौतियों को स्वीकार कर जीतने वाला खिलाड़ी है। वह मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। यहां 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग और ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेंश मेंदोला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने यहां सभी विजताओं को शुभकमानाएं देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना का भाव भी बताया। उनका कहना था कि खिलाड़ी भावना के आधार पर सबको यह एहसास होना चाहिये कि जो चुनौतियों को स्वीकार करे, मुकाबला कर जीत हासिल करते हुए जीवन जीने का उच्चतम मापदंड स्थापित करे वह खिलाड़ी होता है। समारोह में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता भी मौजूद थे।



### बांटी 546 लाख की सम्मान निधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। इसके साथ ही 8वें नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को दी गई 546 लाख की सम्मान निधि भेंट की गई। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप राशि का चेक प्रदान किया गया।

### सम्मानित की गई प्रतिभाएं

इसके पहले मुख्यमंत्री ने खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षित एवं मार्गदर्शन प्रदान करने वाले श्रेष्ठ प्रशिक्षकों को 2 विश्वामित्र पुरस्कार एक लाइफ एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया।

इस वर्ष 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार, 12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार के साथ 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता सहित कुल 82 पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया है।

### किसको क्या मिला

**एकलव्य पुरस्कार:** समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी को एकलव्य पुरस्कार दिये गए।

**विक्रम पुरस्कार:** शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस, पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे और एडवेंचर स्पोर्टस् के लिये भावना डेहरिया को इस साल का विक्रम पुरस्कार दिया गया है।

**विश्वामित्र व लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार:** क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव और हॉकी प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा को विश्वामित्र पुरस्कार दिया गया। वहीं जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सुबह सवेरे
A Daily News Magazine
06 Aug 2025 - Page 2

# 12 खिलाड़ी विक्रम, 11 एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित

## खिलाड़ी वो जो जीवन जीने का उच्चतम मापदंड हासिल करे : मुख्यमंत्री




**भोपाल (नप्र)।** मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मंगलवार को भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि विश्वामित्र जी ने राजा दशरथ से राक्षसों को मारने के लिए युवा भगवान राम को मांगा था। अगर हम कल्पना करें कि वे भगवान को राक्षसों को मारने का टास्क नहीं देते तो उनका आगे का समय क्या होता है, मालूम नहीं। लेकिन, जंगल में जाने के बाद उन्होंने खिलाड़ी भावना के आधार पर अपने जीवन को पलट दिया। आगे भगवान राम ने पिनाक धनुष को तोड़ने का पराक्रम दिखाया। वह खिलाड़ी भावना ही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ी का जीवन इसी प्रकार का होता है। उनका जीवन लोकतंत्र को गौरवांवित करता है। खेल हमें दुश्मनों से मुक्ति देता है। खिलाड़ी वो जो जीवन जीने का उच्चतम मापदंड हासिल करता है।इससे पहले मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि खेल के मायने में मध्यप्रदेश देश में नंबर 1 राज्य बनेगा।

**12 खिलाड़ियों को विक्रम, 11 को एकलव्य पुरस्कार-** खेल प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए इस वर्ष विश्वामित्र पुरस्कार से तीन अनुभवी कोचों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के लिए पदक जीतने वाले 82 खिलाड़ियों को भी मंच से सम्मान मिलेगा। इनमें 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता शामिल हैं। इस साल 12 विक्रम, 11 एकलव्य, 3 विश्वामित्र और 1 लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिए गए।

**12 खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार-** सीनियर खिलाड़ियों को दिया जाता है। इनमें ओलिंपिक, एशियन गेम्स और राष्ट्रीय खेलों के अलग-अलग वर्गों में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें पुरस्कार राशि 2 लाख होती है। स्मृति चिन्ह भी दिया जाता है। 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार- 21 वर्ष से कम उम्र के जूनियर खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इसमें पुरस्कार राशि 1 लाख होती है। स्मृति चिन्ह भी दिया जाता है।

**3 प्रशिक्षकों को विश्वामित्र पुरस्कार-** समर्पित प्रशिक्षकों (कोच) को खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए दिया जाता है। इसमें भी पुरस्कार राशि 2 लाख होती है। स्मृति चिन्ह भी दिया जाता है।

**1 को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार-** खेल में जीवन पर्यंत योगदान देने वाली हस्ती को दिया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार उज्जैन के रतनलाल वर्मा (जिम्नास्टिक) को दिया जाएगा।

दैनिक मध्य स्वर्णिम

दिनांक- 06/08/2025 पृष्ठ क्रमांक- 8 संस्करण- भोपाल

# भोपाल के चर्चित ड्रग्स कांड पर मानव अधिकार आयोग सख्त

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया आनंद नगर पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को लगाई फटकार

**भोपाल।** राजधानी के चर्चित ड्रग्स कांड को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सख्त हो गया है। आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सोमवार की रात को आनंद नगर पुलिस चौकी का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। बता दें कि क्लब 90 भी आनंद नगर चौकी इलाके में ही संचालित होता था।

लेकिन पुलिस को क्लब की अनैतिक गतिविधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पिछले दिनों क्राइम ब्रांच ने जब ड्रग्स के कारोबार ने लिप्त शारिक मछली, यासीन मछली और उनके सहयोगियों को जब पुलिस ने पकड़ा तब मामले का खुलासा हुआ। बता दें कि मुस्लिम युवकों द्वारा हिन्दु लड़कियों को टारगेट करके उन्हें ड्रग सप्लाई करते थे और नशे की



हालत में यौन शोषण भी करते थे। इस पूरे मामले को लेकर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए बारीकी से जांच और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ जांच रिपोर्ट भी तलब की है।

प्रियंक कानूनगो ने चौकी के औचक निरीक्षण का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि हिंदू लड़कियों को



लक्षित कर ड्रग्स दे कर बलात्कार करने, वीडियो बनाने और ब्लैकमेल कर इस्लाम में धर्मांतरण का दबाव बनाने के आरोपों के मामले में अपराध के केंद्र के रूप में सामने आया बदनाम क्लब 90 इसी पुलिस चौकी के न्यायिक क्षेत्र के अधीन है। दुर्भाग्य है कि चौकी के अफसरों ने कभी गश्त के दौरान भी इस व्यभिचार और ड्रग्स के अड्डे का निरीक्षण नहीं किया, कोई



रिकॉर्ड नहीं है। चौकी से कहा गया कि रिकॉर्ड, रजिस्टर सब थाने में है यहां नहीं रखते हैं और जो अफसर ड्यूटी से नदारद मिले उनके बारे में भी कहा गया कि वे थाने में हैं। पुष्टि के लिए पिपलानी थाने का दौरा भी किया जिसमें चौकी द्वारा दी गई सभी जानकारी गलत साबित हुई और पुलिस अधिकारी झूठ पर झूठ बोलकर एक दूसरे का बचाव करते रहे। निरीक्षण के दौरान गरीब वंचित नागरिक शिकायत दर्ज करने के लिए परेशान होते दिखे जो कि पुलिस की लापरवाही है।

हजारों छात्राएं यहां रहती हैं अध्ययन करती हैं परंतु केवल एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती है। प्रधानमंत्री ने आखरी पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए न्याय प्रक्रिया के कानूनों को बदला है और औपनैवैपिक कानूनों से आज़ादी दिलाई है।

इसलिए तत्क्षण ही पुलिस अधिकारी को नए लोकहितैषी कानूनों के अनुसार कार्य करने की समझाइश दी । राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने आनंद नगर पुलिस चौकी के निरीक्षण के बाद पिपलानी थाना क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण किया।

# शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स के विजेता सम्मानित

## मध्य प्रदेश के लिए पदक जीतने वाले 82 खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ समूह चित्र निकलवाया।

अमर उजाला ब्यूरो

**भोपाल।** मध्य प्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को रवींद्र भवन में किया गया। इस समारोह में मध्य प्रदेश के लिए पदक जीतने वाले 82 खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता शामिल हैं। 11 विक्रम, 11 एकलव्य, 3 विश्वामित्र और 1 लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाएंगे। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह उपस्थित थे।

### विक्रम पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रुपये की राशि के चेक दिए गए। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगोन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़ा, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### एकलव्य पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक लाख रुपये की राशि के चेक दिए गए। समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल महेश्वर, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा इंदौर, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी राजगढ़, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर देवास, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी इंदौर, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले खरगौन, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल ग्वालियर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी मुरैना को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक प्रशिक्षक को 2-2 लाख रुपये की राशि के चेक दिए गए। सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीयूष कांती बारोई भोपाल, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव जबलपुर और हॉकी प्रशिक्षक लोकेंद्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कर 2 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

### नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को दी गई 5.46 करोड़ रु. सम्मान निधि

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

प्रदेश की हलचल
हर पल-हर खबर

## मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता हुए सम्मानित

# जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही खिलाड़ीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**प्रदेश की हलचल, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान राम और भगवान कृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन खिलाड़ियों सहित हम सभी के लिए प्रेरक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लायेंगे। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और उप सचिव अजय वास्तव उपस्थित थे। संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त संचालक बी.एल. यादव ने आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी वास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़ा, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल महेश्वर, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा इंदौर, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी राजगढ़, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर देवास, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी इंदौर, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले खरगौन, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल ग्वालियर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी मुरैना को एकलव्यि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कारः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक प्रशिक्षक को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई भोपाल, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव जबलपुर और हॉकी प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कर 2 लाख रूपये का चेक भी प्रदान किया गया।

## 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को दी गई 546 लाख की सम्मान निधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Bhopal Main - 06 Aug 2025 - Page 1

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 12 खिलाड़ियों को विक्रम एवं तीन खिलाड़ियों को विश्वामित्र सम्मान दिया, नेशनल गेम्स के 121 खिलाड़ी भी पुरस्कृत*

# खिलाड़ी वो जो हर चुनौती स्वीकार करे और जीवन जीने के उच्चतम मापदंड हासिल करे

## खिलाड़ियों को कुल 546 लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को भोपाल के रविंद्र भवन में मध्यप्रदेश



शिखर खेल अलंकरण बांटे गए एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 11 खिलाड़ियों को एकलव्य, 12 खिलाड़ियों को विक्रम एवं तीन खिलाड़ियों को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया। विक्रम पुरस्कार पाने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में खरगोन के ऐश्वर्य प्रताप सिंह ▸▸ शेष पेज 4 पर




## भगवान कृष्ण ने कंस को न मिले, इसलिए माखन खाया

सीएम ने कहा कि भगवान राम ने पिनाक धनुष को तोड़ने का पराक्रम दिखाया। वह खिलाड़ी भावना ही थी। खिलाड़ी का जीवन इसी प्रकार का होता है। उनका जीवन लोकतंत्र को गौरवान्वित करता है। वहीं उन्होंने भगवान कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा उन्हें माखन ...कहा जाता है, जबकि उनके ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 14 भी

देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
06 Aug 2025 - Page 8

### मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता हुए सम्मानित, मुख्यमंत्री बोले-

# जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही खिलाड़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन खिलाड़ियों सहित हम सभी के लिए प्रेरक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले




नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लायेंगे। श्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह और उप सचिव अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त संचालक बी.एल. यादव ने आभार माना।

**विक्रम पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**एकलव्य पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल महेश्वर, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा इंदौर, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी राजगढ़, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर देवास, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी इंदौर, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले खरगौन, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल ग्वालियर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी मुरैना को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक प्रशिक्षक को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक श्री पीजूष कांती बारोई भोपाल, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव जबलपुर और हॉकी प्रशिक्षक श्लोकेन्द्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के श्रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कर 2 लाख रूपये का चेक भी प्रदान किया गया।

**38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को दी गई 546 लाख की सम्मान निधि :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

**SHIKHAR KHEL ALANKARAN SAMAROH 2025 | Honouring Champions, Inspiring Generations**

# MP SALUTES SPORTING ICONS

**Our Sports Reporter**
BHOPAL

In a grand celebration of sporting excellence, the Shikhar Khel Alankaran Samaroh was held on Tuesday at Ravindra Bhavan, Bhopal, where Chief Minister Dr Mohan Yadav felicitated outstanding athletes, coaches, and sports contributors for their exceptional achievements.

> Madhya Pradesh is setting new benchmarks in Indian sports. We are committed to nurturing this talent with world-class facilities and opportunities."
>
> **CM Yadav**



***glory gathered***

Chief Minister Mohan Yadav and sports minister Vishvas Sarang applaud excellence with award-winning athletes at the Shikhar Khel Alankaran Samaroh, held at Ravindra Bhavan, Bhopal on Tuesday FP picture

## EKALAVYA AWARDS (Rs 1 lakh each)

**For consistent performances by young athletes across disciplines.**
**Rituraj Bundela (Shooting), Bhumi Baghel (Kayaking-Canoeing - Slalom), Krishna Mishra (Squash), Pooja Dangi (Fencing), Prabhakar Singh Rajawat (Rowing), Neha Thakur (Sailing), Prakhar Joshi (Swimming), Arjun Vaskale (Athletics), Priyanshi Prajapat (Wrestling), Ankit Pal (Hockey) and Gaurav Pachauri (Powerlifting).**

## VIKRAM AWARDS (Rs 2 lakh each)

**For senior sportspersons with national/international achievements.**
**Aishwary PS Tomar (Shooting), Janhvi Srivastava (Kayaking-Canoeing), Ragini Marko (Archery), Shivani Pawar (Wrestling), Shruti Yadav (Boxing), Yamini Maurya (Judo), Sachin Bhargo (Kho-Kho), Neelu Dadia (Hockey), Praveen Kumar Dave (Softball), Rubina Francis (Para Shooting) and Apoorva Dubey (Powerlifting).**
**Notably, mountaineer Bhavana Dehariya's Vikram Award (Adventure Sports) was withheld due to a court stay.**

## VISHWAMITRA AWARDS (Rs 2 lakh each)

**For outstanding coaching contributions**
**Pijush Kanti Baroi – Kayaking-Canoeing Coach, Ashok Kumar Yadav – Archery Coach, Lokendra Sharma – Hockey Coach.**

## LIFETIME ACHIEVEMENT AWARD (Rs 2 lakh)

**For lifelong dedication to a sport Ratanlal Verma – contribution to gymnastics**

"A true player not only performs in the field but sets the highest standards in life. Lord Ram and Lord Krishna too were exemplary sportspersons—our eternal inspirations," said CM Yadav, addressing the packed convention centre.

## NATIONAL GAMES HONOURS

**38th National Games 2025 – Total Rs 5.46 crore awarded**
**82 Medal Winners from 18 Sports Honoured**

| MEDAL TYPE | NO OF WINNERS |
|---|---|
| Gold | 34 |
| Silver | 25 |
| Bronze | 23 |

The prestigious event recognized the winners of Ekalavya, Vikram, Vishwamitra, and Lifetime Achievement Awards, alongside 82 medalists of the 38th National Games 2025, reflecting Madhya Pradesh's rising stature in Indian sports.

With these accolades, Madhya Pradesh reinforces its commitment to fostering a "Khel Culture" and building a generation of champions who not only dominate the field but also inspire off it.

**समारोह** ▶ शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स पदक विजेताओं का सम्मान

# खिलाड़ी वही जिसके जीवन में उच्च मापदंड हों : सीएम

**भोपाल, 05 अगस्त .रवीन्द्र भवन में मंगलवार को मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि असली खिलाड़ी वही है जो खेल के साथ जीवन में भी उच्च मापदंड स्थापित करे. उन्होंने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को भी आदर्श खिलाड़ी बताते हुए युवाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया. समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 में पदक जीतने वाले 82 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. इनमें 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता शामिल थे. खिलाड़ियों को




कुल 546 लाख रुपये की सम्मान निधि प्रदान की गई. इसके साथ ही 11-11 विक्रम और एकलव्य, 3 विश्वामित्र तथा 1 लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी प्रदान किए गए. मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा में स्टेडियम निर्माण की पहल की जानकारी दी और खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा देने का आश्वासन भी दिया.

सीएम ने विक्रम पुरस्कार विजेताओं को 2-2 लाख रुपये, एकलव्य पुरस्कार विजेताओं को 1-1 लाख रुपये की राशि भेंट की. विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों में ऐश्वर्य तोमर, जान्हवी श्रीवास्तव, रागिनी मार्को, शिवानी पवार, श्रुति यादव, यामिनी मौर्य, सचिन भार्गव, नीलू डाडिया, प्रवीण दवे, रूबिना फ्रांसिस और अपूर्व दुबे शामिल रहे. एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों में रितुराज बुंदेला, भूमि बघेल, कृष्णा मिश्रा, पूजा दांगी, प्रभाकर सिंह, नेहा ठाकुर, प्रखर जोशी, अर्जुन वास्कले, प्रियांशी प्रजापत, अंकित पाल और गौरव पचौरी शामिल हैं.




# जीवन में उच्चतम मानक स्थापित करने वाला ही सच्चा खिलाड़ी: सीएम

## मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

● भोपाल / खेल संवाददाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सच्चा खिलाड़ी वही है, जो न केवल खेल में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उच्चतम मानकों को स्थापित करे।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण भी इसी दृष्टि से महान खिलाड़ी थे, जिनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री रवीन्द्र भवन में आयोजित मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में लगातार सफलता की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों के साथ समूह फोटो भी खिंचवाया।

### खेलमंत्री सारंग बोले- राज्य के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान

खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवाओं ने राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी नेशनल गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ी और बेहतर प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान दिलाएंगे। सारंग ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश की हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाया जा रहा है।



### मुख्यमंत्री को भेंट की गई नेशनल गेम्स ट्रॉफी

समारोह में मुख्यमंत्री को 38वें नेशनल गेम्स में प्रदेश को प्राप्त ट्रॉफी भेंट की गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह, उप सचिव अजय श्रीवास्तव, संचालक राकेश गुप्ता एवं संयुक्त संचालक बीएल यादव उपस्थित रहे।




**विक्रम पुरस्कार:** मुख्यमंत्री ने विक्रम पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों को 2-2 लाख रुपए की राशि के चेक प्रदान कर सम्मानित किया।

#### सम्मानित खिलाड़ी

- **शूटिंग:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (खरगौन)
- **क्याकिंग-कैनोइंग:** जाह्नवी श्रीवास्तव (भोपाल)
- **तीरंदाजी:** रागिनी मार्को (जबलपुर)
- **कुश्ती:** शिवानी पवार (छिंदवाड़ा)
- **बॉक्सिंग:** श्रुति यादव (भोपाल)
- **जूडो:** यामिनी मौर्य (सागर)
- **खो-खो:** सचिन भार्गव (देवास)
- **हॉकी:** नीलू डाडिया (मंदसौर)
- **सॉफ्टबॉल:** प्रवीण कुमार दवे (इंदौर)
- **शूटिंग (दिव्यांग):** रुबिना फ्रांसिस (जबलपुर)
- **पावरलिफ्टिंग:** अपूर्व दुबे (इंदौर)

**एकलव्य पुरस्कार:** डॉ. यादव ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी 1-1 लाख रुपए की राशि से सम्मानित किया।

#### विजेता खिलाड़ी

- **शूटिंग:** रितुराज बुंदेला (टीकमगढ़)
- **क्याकिंग-कैनोइंग:** भूमि बघेल (महेश्वर)
- **स्क्वैश:** कृष्णा मिश्रा (इंदौर)
- **फेंसिंग:** पूजा दांगी (राजगढ़)
- **रोइंग:** प्रभाकर सिंह राजावत (ग्वालियर)
- **सेलिंग:** नेहा ठाकुर (देवास)
- **तैराकी:** प्रखर जोशी (इंदौर)
- **एथलेटिक्स:** अर्जुन वास्कले (खरगौन)
- **कुश्ती:** प्रियांशी प्रजापत (उज्जैन)
- **हॉकी:** अंकित पाल (ग्वालियर)
- **पावरलिफ्टिंग:** गौरव पचौरी (मुरैना)

### विश्वामित्र और लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रशिक्षकों को विश्वामित्र पुरस्कार से नवाजा। प्रत्येक को 2-2 लाख रुपए की राशि दी गई।

#### सम्मानित प्रशिक्षक

- **क्याकिंग-कैनोइंग:** पीजूष कांती बारोई (भोपाल)
- **तीरंदाजी:** अशोक कुमार यादव (जबलपुर)
- **हॉकी:** लोकेन्द्र शर्मा (भोपाल)

#### लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार जिम्नास्टिक के वरिष्ठ प्रशिक्षक रतनलाल वर्मा (उज्जैन) को प्रदान किया गया। उन्हें भी 2 लाख रुपये की राशि दी गई।

**38वें**

**नेशनल गेम्स विजेताओं को 546 लाख की सम्मान निधि**

मुख्यमंत्री ने 38वें नेशनल गेम्स के 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया। कुल 82 पदक विजेताओं को 5 करोड़ 46 लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री बोले- जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही असल मायने में खिलाड़ी

## मप्र शिखर खेल अलंकरण में पदक विजेताओं का सम्मान

**भोपाल@पत्रिका.** खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरक हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मप्र शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मानित करते हुए कही। सीएम ने कहा, सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं दी जाएंगी। सीएम डॉ. यादव को नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। इस दौरान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### विजेताओं को दी 546 लाख की सम्मान निधि

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता को भी सम्मानित किया। कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

**खिलाड़ियों ने विश्व में नाम रोशन किया:** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा, प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं, बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पर लाएंगे।



भोपाल के रविंद्र भवन में अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के साथ सीएम डॉ. यादव व खेल मंत्री सारंग।

### इनको मिला सम्मान

**एकलव्य पुरस्कार:** शूटिंग से रितुराज बुंदेला, कयाकिंग-कैनोइंग से भूमि बघेल, स्क्वैश कृष्णा मिश्रा, फेंसिंग से पूजा दांगी, रोइंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत, सेलिंग से नेहा ठाकुर, तैराकी से प्रखर जोशी, एथलेटिक्स से अर्जुन वास्कले, कुश्ती से प्रियांशी प्रजापति, हॉकी से अंकित पाल और पावरलिफ्टिंग से गौरव पचौरी।

**विक्रम पुरस्कार:** शूटिंग से ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, क्याकिंग-कैनोइंग से जाह्नवी श्रीवास्तव, तीरंदाजी से रागिनी मार्को, कुश्ती से शिवानी पवार, बॉक्सिंग से श्रुति यादव, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य, खोखो से सचिन भार्गो, हॉकी से नीलू डडिया, सॉफ्टबॉल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रुबिना फ्रांसिस, पावरलिफ्टिंग अपूर्व दुबे और एडवेंचर स्पोर्ट के लिए सम्मानित किया गया।

**विश्वामित्र/लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार:** कयाकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीयूष कांती बारोई, तीरंदाजी अशोक कुमार यादव और हॉकी लोकेन्द्र शर्मा को विश्वामित्र पुरस्कार वहीं जिम्नास्टिक के प्रशिक्षक रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानिया किया गया।

दैनिक मध्य स्वर्णिम

दिनांक- 06/08/2025 पृष्ठ क्रमांक- 8 संस्करण- भोपाल

# जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही खिलाड़ीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता हुए सम्मानित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन खिलाड़ियों सहित हम सभी के लिए प्रेरक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लायेंगे। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और उप सचिव अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त संचालक बी.एल. यादव ने आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2 2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़ा, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

Date: 06/08/2025, Page: 8, Edition: Bhopal
Web: https://madhyaswarnim.com
दैनिक मध्य स्वर्णिम

# जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करने वाला ही खिलाड़ीः मुख्यमंत्री

## मप्र शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता हुए सम्मानित

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण भी इस नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। उनका जीवन खिलाड़ियों सहित हम सभी के लिए प्रेरक है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण और 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।**

डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मध्यप्रदेश खेल के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह में सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मानित और पुरस्कृत खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ समूह चित्र भी निकलवाया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों ने पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व में प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के खिलाड़ी अगले नेशनल गेम्स में और अच्छा प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान पर लायेंगे। श्री सारंग ने कहा कि डॉ. यादव की खिलाड़ियों के प्रति सजगता है कि उन्होंने हर विधानसभा में एक खेल स्टेडियम बनाने की पहल की है। मुख्यमंत्री को समारोह में नेशनल गेम्स में प्रदेश को मिली ट्राफी भेंट की गई। समारोह में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और उप सचिव अजय श्रीवास्तव उपस्थित थे। संचालक खेल एवं युवा कल्याण राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया। संयुक्त संचालक बीएल यादव ने आभार माना।

मुख्यमंत्री ने सम्मान समारोह में 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता के साथ कुल 18 खेलों के 82 पदक विजेताओं को सम्मान स्वरूप कुल 5 करोड़ 46 लाख की राशि दी गई।




### विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार

*मुख्यमंत्री ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक प्रशिक्षक को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई भोपाल, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव जबलपुर और हॉकी प्रशिक्षक लोकेन्द्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित कर 2 लाख रूपये का चेक भी प्रदान किया गया।*

### विक्रम पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने विक्रम पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। शूटिंग खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, तीरंदाजी खिलाड़ी रागिनी मार्को जबलपुर, कुश्ती खिलाड़ी शिवानी पवार छिंदवाड़ा, बॉक्सिंग खिलाड़ी श्रुति यादव भोपाल, जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य सागर, खोखो खिलाड़ी सचिन भार्गो देवास, हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया मंदसौर, सॉफ्टबाल खिलाड़ी प्रवीण कुमार दवे इंदौर, शूटिंग (दिव्यांग श्रेणी) रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी अपूर्व दुबे इंदौर को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### एकलव्य पुरस्कार

मुख्यमंत्री ने एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक लाख रूपये की राशि के चेक दिये गये। समारोह में शूटिंग खिलाड़ी रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, क्याकिंग-कैनोइंग (स्लॉलम) खिलाड़ी भूमि बघेल महेश्वर, स्क्वैश खिलाड़ी कृष्णा मिश्रा इंदौर, फेंसिंग खिलाड़ी पूजा दांगी राजगढ़, रोईंग खिलाड़ी प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, सेलिंग खिलाड़ी नेहा ठाकुर देवास, तैराकी खिलाड़ी प्रखर जोशी इंदौर, एथलेटिक्स खिलाड़ी अर्जुन वास्कले खरगौन, कुश्ती खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, हॉकी खिलाड़ी अंकित पाल ग्वालियर और पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी गौरव पचौरी मुरैना को एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दैनिक भास्कर भोपाल 06-08-2025

**विक्रम अवॉर्ड समारोह** उज्जैन के रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, नेशनल गेम्स के खिलाड़ियों को बांटे 5.45 करोड़

# प्रदेश की 26 खेल हस्तियां पुरस्कृत, 11 को विक्रम, 11 को एकलव्य, 3 को विश्वामित्र

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

विक्रम अवॉर्ड समारोह मंगलवार रवींद्र भवन में आयोजित किया गया। इसमें वर्ष 2023 के लिए घोषित हुए खिलाड़ियों को विक्रम, विश्वामित्र, एकलव्य और लाइफ टाइमअचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। इसी समारोह में उत्तराखंड नेशनल गेम्स के मेडलिस्ट खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। सभी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और खेलमंत्री विश्वास सारंग पुरस्कृत किया। इसमें 11 खिलाड़ियों को विक्रम, 11 को एकलव्य, 3 कोचों को विश्वामित्र और रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। विक्रम, विश्वामित्र और लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डी को भी अवॉर्ड के अलावा दो लाख रुपए से भी नवाजा गया। जबकि एकलव्य अवॉर्डी को 1 लाख रुपए दिए गए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खिलाड़ी वो है, जो जीवन में उच्चतम मापदंड स्थापित करें। अपने पराक्रम और साहस से खेल के साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफल हो। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण भी उत्कृष्ट खिलाड़ी थे। इससे पहले खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा हम टॉप-3 में है और हमारा लक्ष्य नंबर-1 पर पहुंचना है। इस मौके पर मप्र ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव खेल मनीष सिंह, खेल संचालक राकेश गुप्ता, उप सचिव अजय श्रीवास्तव ओर संयुक्त संचालक बीएस यादव मौजूद थे।



प्रदेश के विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र और लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्डी खिलाड़ी अवॉर्ड लिए एक साथ।

### एकलव्य अवॉर्ड

रितुराज बुंदेला, भूमि बघेल, कृष्णा मिश्रा ,पूजा दांगी, प्रभाकर राजावत,नेहा ठाकुर,प्रखर जोशी ,अर्जुन वास्कले, प्रियांशी प्रजापत अंकित पाल, गौरव पचौरी।

### विक्रम अवॉर्ड

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, जाह्नवी श्रीवास्तव, रागिनी मार्को, शिवानी पवार, श्रुति यादव, यामिनी मौर्य, सचिन भार्गव ,नीलू डांडिया, प्रवीण दवे, रुबिना फ्रांसिस, और अपूर्व दुबे ।

**विश्वामित्र अवार्ड :** पीजूष बरोई, अशोक यादव, लोकेंद्र शर्मा

**लाइफटाइम अवॉर्ड :** रतनलाल वर्मा जिम्नास्टिक उज्जैन

**मलखंभ को मिले सबसे ज्यादा 99 लाख रुपए :** उत्तराखंड नेशनल गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट को भी पुरस्कृत किया गया। उन्हें कुल 5 करोड़ 45 लाख रुपए बांटे। इसमें सबसे ज्यादा 99.40 लाख रुपए मलखंभ को मिले। इसके बाद रोइंग को 83.80 और हॉकी को 57.60 लाख रुपए मिले। बाकी मेडल जीतने वाले खेलों के खिलाड़ियों को भी पुरस्कार राशि भेंट की।

# मप्र शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह




## 11 खिलाड़ियों को विक्रम, 11 को एकलव्य व 3 विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित

खेल संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9009709528

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में मंगलवार को आयोजित मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह में 38वें नेशनल गेम्स-2025 के पदक विजेताओं को सम्मानित किया। 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेताओं को कुल 5.46 करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी गई।

विक्रम पुरस्कार के तहत 11 खिलाड़ियों को 2-2 लाख, एकलव्य पुरस्कार में 11 खिलाड़ियों को 1-1 लाख रुपए दिए गए। तीन प्रशिक्षकों को विश्वामित्र और रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार मिला। समारोह में मप्र खेल मंत्री मंत्री विश्वास सारंग, रमेश मेंदोला, दिग्विजय सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

**विक्रम पुरस्कार** : ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर खरगौन, जान्हवी श्रीवास्तव भोपाल, रागिनी मार्को जबलपुर, शिवानी पवार छिंदवाड़ा, श्रुति यादव भोपाल, यामिनी मौर्य सागर, सचिन भार्गो देवास, नीलू डांडिया मंदसौर, प्रवीण कुमार दवे इंदौर, रूबिना फ्रांसिस जबलपुर और अपूर्व दुबे इंदौर।

**एकलव्य पुरस्कार** : रितुराज बुंदेला टीकमगढ़, भूमि बघेल महेश्वर, कृष्णा मिश्रा इंदौर, पूजा दांगी राजगढ़, प्रभाकर सिंह राजावत ग्वालियर, नेहा ठाकुर देवास, प्रखर जोशी इंदौर, अर्जुन वास्कले खरगौन, प्रियांशी प्रजापत उज्जैन, अंकित पाल ग्वालियर और गौरव पचौरी मुरैना।

**विश्वामित्र एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार** : सम्मान समारोह में पीजूष कांती बारोई भोपाल, अशोक कुमार यादव जबलपुर और लोकेन्द्र शर्मा भोपाल को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रतनलाल वर्मा उज्जैन को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।

न दबाव, न भेदभाव

# राष्ट्रीय हिन्दी मेल

इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दिनांक- 06/08/2025 पृष्ठ क्रमांक- 1 संस्करण- भोपाल प्रधान संपादक- विजय कुमार दास


# खेलों में उत्कृष्टता ही सच्चा खिलाड़ी : मुख्यमंत्री

## मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान, 5.46 करोड़ की सम्मान निधि वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो जीवन के हर क्षेत्र में उच्चतम मापदंड स्थापित करे। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण भी इसी नाते उत्कृष्ट खिलाड़ी थे, जिनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रविन्द्र भवन मे आयोजित मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा दी जाएगी।




समारोह में मुख्यमंत्री ने 38वें नेशनल गेम्स के 82 पदक विजेताओं को 5 करोड़ 46 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। इनमें 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक विजेता शामिल रहे। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने विक्रम पुरस्कार और एकलव्य पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। विक्रम पुरस्कार के अंतर्गत प्रत्येक खिलाड़ी को 2-2 लाख रुपये जबकि एकलव्य पुरस्कार के तहत 1-1 लाख रुपये की राशि दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वामित्र पुरस्कार प्राप्त तीन प्रशिक्षकों - पीजूष कांती बारोई (क्याकिंग-कैनोइंग), अशोक यादव (तीरंदाजी) और लोकेन्द्र शर्मा (हॉकी) को 2-2 लाख रुपये की राशि से सम्मानित किया। वहीं जिम्नास्टिक के वरिष्ठ प्रशिक्षक रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में एक खेल स्टेडियम की योजना बन रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी नेशनल गेम्स में मध्यप्रदेश शीर्ष स्थान हासिल करेगा। समारोह में भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला, सचिव दिग्विजय सिंह, प्रमुख सचिव मनीष सिंह और उप सचिव अजय श्रीवास्तव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस गरिमामय अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक राकेश गुप्ता ने स्वागत भाषण और संयुक्त संचालक बी.एल. यादव ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और खेलप्रेमी उपस्थित रहे।


Date: 06/08/2025, Page: 1, City: Bhopal
Web: rashtriyahindimail.com

राष्ट्रीय हिन्दी मेल

The Pioneer
BHOPAL | WEDNESDAY | AUGUST 06, 2025



# MP honours its champions with Vikram, Eklavya and lifetime awards

STAFF REPORTER ■ Bhopal

Chief Minister Dr Mohan Yadav said that a true sportsperson sets the highest standards in life-not just in the arena of sports but also through excellence in other aspects of life. "By this definition, Bhagwan Shri Ram and Bhagwan Shri Krishna were also exceptional sportspersons," he said. "Their lives continue to inspire not only athletes but all of us." Dr Yadav was addressing the 'Madhya Pradesh Shikhar Khel Alankaran' and felicitation ceremony for medal winners of the 38th National Games-2025, held at Ravindra Bhavan on Tuesday.

Dr Yadav reaffirmed the state government's commitment to promoting sports and assured that all necessary facilities would be provided to athletes. Madhya Pradesh continues to make remarkable strides in the field of sports. The Chief Minister congratulated and felicitated the winners of the 'Shikhar Khel Alankaran' and National Games, and joined them for a group photograph to mark the occasion. Minister for Sports and Youth Welfare Vishwas Kailash Sarang praised the achievements of Madhya Pradesh's young athletes, stating that they have brought glory not just to the state but to the nation and the world. He expressed hope that MP would secure the top position in the next National Games. He also mentioned that Dr Yadav has taken a proactive step by initiating the construction of a sports stadium in every Assembly constituency.

During the event, Dr Yadav was presented with the trophy won by the state in the National Games. Also present were Olympic Association President Ramesh Mendola, Secretary Digvijay Singh, Principal Secretary Manish Singh and Deputy Secretary Ajay Shrivastava. Sports Director Rakesh Gupta delivered the welcome address and Joint Director B L Yadav delivered the vote of thanks.

Dr Yadav presented the Vikram Awards to outstanding athletes, along with cheques of Rs 2 lakh each. The awardees included Aishwary Pratap Singh Tomar (Shooting) - Khargone, Janhvi Srivastava (Kayaking-Canoeing - Slalom) - Bhopal, Ragini Marko (Archery) - Jabalpur, Shivani Pawar (Wrestling) - Chhindwara, Shruti Yadav (Boxing) - Bhopal, Yamini Maurya (Judo) - Sagar, Sachin Bhargo (Kho-Kho) - Dewas, Neelu Dadia (Hockey) - Mandsaur, Praveen Kumar Dave (Softball) - Indore, Rubina Francis (Shooting - Divyang Category) - Jabalpur, and Apoorva Dubey (Powerlifting) - Indore.

Each Eklavya Award recipient was presented with a cheque of Rs 1 lakh. The awardees included Rituraj Bundela (Shooting) - Tikamgarh, Bhumi Baghel (Kayaking-Canoeing - Slalom) - Maheshwar, Krishna Mishra (Squash) - Indore, Pooja Dangi (Fencing) - Rajgarh, Prabhakar Singh Rajawat (Rowing) - Gwalior, Neha Thakur (Sailing) - Dewas, Prakhar Joshi (Swimming) - Indore, Arjun Vaskale (Athletics) - Khargone, Priyanshi Prajapat (Wrestling) - Ujjain, Ankit Pal (Hockey) - Gwalior, and Gaurav Pachauri (Powerlifting) - Morena.

Dr Yadav also felicitated coaches with the Vishwamitra Award, along with Rs 2 lakh each to Pijush Kanti Baroi (Kayaking-Canoeing) - Bhopal, Ashok Kumar Yadav (Archery) - Jabalpur, and Lokendra Sharma (Hockey) - Bhopal. Ratanlal Verma from Ujjain was conferred the Lifetime Achievement Award for Gymnastics, along with a cheque of Rs 2 lakh.

Dr Yadav also honoured medal winners of the 38th National Games-2025. The 'Team-MP' has won 34 gold, 25 silver and 23 bronze medals from 18 sports disciplines. A total reward amount of Rs 5.46 crore was distributed among 82 medalists.



Madhya Pradesh Chief Minister Mohan Yadav felicitates players of the state with Vishwamitra, Eklavya and Vikram gallantry awards during Shikhar Khel Alankaran and 38th National Games-2025 medal winning players felicitation programme at Ravindra Bhawan in Bhopal on Tuesday. Pioneer photo